# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता**

पत्रांक : गोप0 / 1221
दिनांक : 19-6-24

## विज्ञप्ति

**विषय : आगामी दीक्षान्त समारोह के दृष्टिगत प्रथमतः अन्तिम सेमेस्टर जून–2024 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड करने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित परम्परागत एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षकों के पैनल सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों को प्रेषित किये जा चुके हैं।

विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षान्त समारोह जुलाई 2024 में सम्भावित है। अतः जून के अन्त तक समस्त परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने हैं। तत्पश्चात् सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता छात्र को मेडल प्रदान किये जाने हेतु श्रेष्ठता सूची जारी की जानी है जिसकी एक लम्बी प्रक्रिया है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / 1112, दिनांक 04.06.2024 के माध्यम से प्राचार्य / प्राचार्या से यह अनुरोध किया गया था कि प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराकर 10 दिवस के अन्दर पोर्टल पर अंक अपलोड कर दें ताकि परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सके। उल्लेखनीय है कि अधिकांश महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा अभी तक प्रयोगात्मक / मौखिक सम्पन्न कराकर पोर्टल पर अंक अपलोड नहीं किये गये हैं।

अतः सम्बन्धित प्राचार्य / प्राचार्या से पुनः अनुरोध है कि **सर्वप्रथम अन्तिम सेमेस्टर जून–2024 के समस्त पाठ्यक्रमों के आन्तरिक / प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा** के अंक 03 दिवस के अन्दर पोर्टल पर अपलोड करने का कष्ट करें ताकि परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सके और श्रेष्ठता सूची नियमानुसार जारी हो सके।

19/06/24

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों / संस्थानों के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. मैमर्स आई0टी0आई0 इम्टैक प्रा0लि0 एवं मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
7. कार्यालय अधीक्षक, गोप0 / प्रयो0 को सूचनार्थ।
8. पटल सहायक / पटल प्रभारी, प्रयोगात्मक अनुभाग को सूचनार्थ।
9. गार्ड फाईल में रखने हेतु।

उप कुलसचिव (गोपनीय)